समाचार

लक्षण दिखने पर कोविड का परीक्षण अवश्य कराएं–आयुक्त

(होम आईसोलेट मरीज नियमित रूप से आक्सीजन लेवल की जांच करें, आक्सीजन स्तर कम होने पर सूचना दें)

कोरबा 07 दिसम्बर 2020 –आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि सर्दी, खांसी, बुखार या कोविड संबंधी अन्य लक्षण दिखने पर कोविड–19 की जांच अवश्य कराएं ताकि समय पर समुचित इलाज किया जा सके। उन्होने होम आईसोलेशन में रहने वाले कोविड पाजिटिव मरीजों से भी अपील की है कि वे अपने आक्सीजन स्तर की नियमित जांच करें तथा निर्धारित स्तर से कम आक्सीजन लेवल होने या स्वास्थ संबंधी अन्य परेशानियां बढ़ने पर तत्काल इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दें।

यहां उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य खराब होने तथा कोविड–19 के लक्षण होने के बावजूद भी लोगों द्वारा समय पर परीक्षण नहीं कराया जा रहा, परिणाम स्वरूप आगे चलकर उनके स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति होने की संभावना बन जाती है, साथ ही उनका दूसरे व्यक्तियों से संपर्क होने पर अन्य लोगों में संक्रमण फैलता है, इससे कोविड–19 के प्रसार को रोकने में परेशानी होती है। आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने लोगों को कोविड–19 के संक्रमण के प्रति सतर्क रहने, घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाने, बाजारों दुकानों सार्वजनिक स्थानों कार्यालयों में सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण रूप से पालन करने की अपील करने के साथ ही आमजन से आग्रह किया है कि सर्दी, खांसी, बुखार या कोविड संबंधी अन्य लक्षण दिखने पर कोविड–19 की जांच अवश्य कराएं ताकि समय पर समुचित इलाज किया जा सके। उन्होने होम आईसोलेशन में रहने वाले कोविड पाजिटिव मरीजों से भी अपील की है कि वे अपने आक्सीजन स्तर की नियमित जांच करें तथा निर्धारित स्तर से कम आक्सीजन लेवल होने या स्वास्थ संबंधी अन्य परेशानियां बढ़ने पर तत्काल इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दें।